# THE HI-TECH GEARS LTD.

(Formerly Hi-Tech Gears Ltd.)
CIN - L29130RJ1986PLC004536

Corporate Office : Millennium Plaza, Tower-B, Sushant Lok-1, Sector-27, Gurugram -122002, Haryana, INDIA Tel. : +91(124) 4715100

**August 04, 2018**

**The Manager,**
**Listing Department,**
**National Stock Exchange of India Limited,**
**"Exchange Plaza", C-1, Block – G.M.**
**Bandra - Kurla Complex,**
**Bandra (E), Mumbai – 400051**

**Symbol – HITECHGEAR**

**The Manager,**
**Listing Department,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai – 400001**

**Scrip code – 522073**

**Subject**: Intimation of publication of Un-audited Financial Results in Newspapers for the Quarter ended June 30, 2018

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 33, 47 and other applicable regulations of SEBI (LODR) Regulations, 2015 the Standalone Unaudited Financial results of the Company for the first quarter ended June 30, 2018 was duly published in the following Newspapers:

- The Business Standard (National daily newspaper in English) – August 04, 2018
- Lokmat Jaipur (Regional daily newspaper in Hindi) – August 04, 2018

The copy of published notice is enclosed herewith for your reference.

You are requested to take the above information on records and oblige.

Thanking You

Yours faithfully,
**For The Hi-Tech Gears Limited**

Shital kumar.

**S. K. Khatri**
**Company Secretary**

The Hi-Tech Gears Limited Gurgaon

www.hitechgears.com
Head Office : C-41/B, Kalkaji, New Delhi-110019 INDIA
Regd. Office & Works I : A-589, Industrial Complex, Bhiwadi - 301 019 Rajasthan INDIA Tel. : +91(1493) 665000
Works-II : Plot No. 24 - 26 Sector-7, IMT Manesar - 122 050 Gurugram, Haryana INDIA Tel.: +91 (124) 4715200
works-III : Plot No. SP-146A, Industrial Complex, Bhiwadi - 301019 Rajasthan INDIA
Subsidiaries : Teutech Industries Inc. 361, Speedvale Ave W. Guelph, ON N1H 1C7, CANADA
Teutech LLC. 227, Barton St. Emporium. PA 15834, USA

Place : Mumbai
Date : 3rd August, 2018

Ashok K. Khemani
DIN : 00053623
Managing Director

# THE HI-TECH GEARS LIMITED

CIN- L29130RJ1986PLC004536

**Regd. Off.** : A-589, Industrial Complex, Bhiwadi - 301019 Distt. Alwar (Rajasthan)
**Corp. Off.** : Millennium Plaza, Tower-B, Sushant Lok I, Sector-27
Gurgaon-122009, Haryana. **Tel.**: + 91(124) 4715100 **Fax:** + 91(124) 2806085
**Website** : www.thehitechgears.com **E-mail**: secretarial@thehitechgears.com

## Statement of Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter Ended 30 June 2018

(Rs. in million except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2018 Unaudited | Quarter ended 30.06.2017 Unaudited | Year ended 31.03.2018 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 1,659.0 | 1,362.4 | 5,515.7 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 120.6 | 107.4 | 483.9 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 120.6 | 107.4 | 483.9 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 57.9 | 71.2 | 319.1 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 58.7 | 72.1 | 322.0 |
| 6. | Equity Share Capital | 187.7 | 187.7 | 187.7 |
| 7. | Reserves/other equity as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | 2,216.7 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10 /- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | (a) Basic : | 3.1 | 3.8 | 17.0 |
| | (b) Diluted : | 3.1 | 3.8 | 17.0 |

**NOTES:-**

1. The above Un-audited Standalone Results were reviewed by the Audit Committee & thereafter approved by the Board of Directors in their meeting held on 03 August 2018.
2. Pursuant to Regulation 33(3)(b) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company has opted Not to Consolidate the Results for the first three quarters of the financial year 2018-19. Therefore, only standalone un-audited financial results are being submitted
3. After applicability of Goods and Services Tax - (GST) w.e.f 01 July 2017, sales are required to be disclosed net of GST. Accordingly, the figures of revenue from operations for the quarter ended 30 June 2018 are not comparable with the corresponding quarter.
4. The above is an extract of the detailed format of Standalone Financial Results for the Quarter ended 30 June 2018 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
   The full format of the Financial Results for the quarter ended 30 June 2018 is available on the Stock Exchanges websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and the Company's website (www.thehitechgears.com)

**For and on behalf of the Board of Directors**
**The Hi-Tech Gears Limited**
Sd/-
**Deep Kapuria**
**Executive Chairman**

**Place : New Delhi**
**Date : 03 August 2018**

GULSHAN

# GULSHAN POLYOLS LIMITED

CIN : L24231UP2000PLC034918
Regd. Off. : 9th K.M., Jansath Road, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh - 251001
Ph. : 0131-3201231, Fax : 0131- 2661378, Website : www.gulshanindia.com

## Statement of Un -Audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2018

(₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2018 (Unaudited) | Quarter ended 30.06.2017 (Unaudited) | Year ended 31.03.2018 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

# चार दीवारी क्षेत्र को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए तैयारियां

**जयपुर।**

नगर निगम जयपुर आयुक्त श्री सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जयपुर को चार दीवारी क्षेत्र को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सम्मिलत किये जाने की तैयारिया के संबंध में नगर निगम इ.सी. (छोटा मीटिंग हॉल) सभागार में बैठक का अयोजन किया गया।

बैठक में धरोहर क्षेत्र के संरक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्यत: शहर की चार दीवारी क्षेत्र के पुरामहत्व के स्थलों व बाजरों आदि के रखरखाव, उनका मूल स्वरूप बनाए रखने एवं आधुनिक विकास के दुष्प्रभावों से धरोहर को संरक्षित किए जाने के उपायों के साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रही योजनाओं की जानकारिया दी गयी।

ओला ने शहर चार दीवारी क्षेत्र के नियमित साफ सफाई की पुख्ता व्यवस्थाओं एवं यातायात की सुगमता हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के



लिए संम्बधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में नगर निगम जयपुर के अधिकारियों के साथ जयपुर स्मार्ट सिटी, जयपुर मेट्रो, यातायात पुलिस, आमेर विकास प्राधिकरण, पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग, भारत सरकार के अधिकारीगण, नियुक्त सलाहकार फर्म के तकनीकी विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधि बिना राजनीतिक द्वेषता के स्वच्छ भारत बनाने में योगदान दें : प्रधान

## ▶ स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**खेतड़ी/लोकमत।**

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायत समिति सभागार में प्रधान मनीषा गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी इंद्राज सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों व ग्राम सेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई पर विशेष ध्यान देने वह स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने को कहा प्रधान मनीषा गुर्जर ने सभी जनप्रतिनिधियों व ग्राम सेवकों को संबोधित करते हुए बिना किसी राजनीतिक द्वेषता के चलते अपने अपने क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए कहा, सभी अटल सेवा केंद्रों में 2-2 कचरा पात्र रखने व ग्रामीणों द्वारा सड़क के दोनों ओर मेड बनाने से सड़कों पर पानी भर जाता है जिससे सड़कें टूट जाती हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने भी संबोधित किया गुर्जर ने कहा सड़कों के दोनों ओर विलायती कीकर की अधिकता होने से क्षेत्र की सुंदरता नष्ट हो गई है उन्होंने विलायती किकरों को उखाड़ने की बात कही वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने की अपील की इस दौरान विकास अधिकारी शशि बाला ने सभी पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, सरपंच ग्राम सेवकों को स्वच्छ भारत मिशन 2018 को सफल बनाने के दिशा निर्देश दिए व वह स्वच्छ भारत संबंधित जानकारियां दी। कार्यशाला के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रुपेंद्र सिंह शेखावत, सरपंच फोरम अध्यक्ष छोटूराम जांगिड़, सरपंच बबलू अवाना, सरपंच सरदारा राम फागणा, प्रधानाचार्य राधेश्याम जांगीड़ आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समस्याओं का समाधान किया, योजनाओं की जानकारी दी

**धौलपुर।**

जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया ने शुक्रवार को धौलपुर पंचायत समिति के बीलपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल की। उन्होंने चौपाल में ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएँ सुनी, बिजली, पानी, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य के सम्बन्ध में फीडबैक लिया और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

**योजनाओं की जानकारी रखोगे तो तेजी से विकास होगा :** जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को सभी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। आवेदन पत्र कैसे भरे, पात्राता क्या है, क्या लाभ मिलता है, आदि के बारे में विस्तार से समझाया। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को भामाशाह पशुधन बीमा योजना, फार्म पौण्ड योजना, सोलर प्लान्ट स्कीम के बारे में विस्तार से बताकर इनका लाभ उठाने की अपील की। जिला कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रत्येक ग्रामीण बीमा करवाये। जनधन या सामान्य कोई भी बैंक खाता हो, सभी को इन दोनों बीमा योजना से जुडने के लिए



समझाए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 12 रूपये प्रति वर्ष और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 330 रूपये प्रति वर्ष का बीमा होता है। इस प्रकार 342 रूपये में 4 लाख का बीमा हो जायेगा। कई लोग कहते हैं कि उनके पास पैसे की कमी है, ऐसे लागों को तो बीमा करवाने की ज्यादा जरूरत है। जिसके पास 5 करोड रूपये है और दुर्भाग्यवश उसका निधन हो जाता है तो उसका परिवार बिना बीमा के भी आर्थिक मुसीबत में नहीं फँसेगा। गरीब परिवार को बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत है। 12 रूपये वाले बीमा में दुर्घटना( वाहन दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा जैसे पिछले दिनों आया तूफान, सांप या अन्य जहरीले जानवर के काटने ,पेड से गिरना) कवर होगी, 330 रूपये वाले बीमे में किसी भी कारण से हुई मृत्यु कवर होगी। दुर्घटना में दोनों ऑंख या दोनो हाथ या दोनो पैर खराब हो गये तो 2 लाख रूपये तथा एक ऑंख या 1 पैर या 1 हाथ खराब हो गया तो 1 लाख रूपये का क्लेम मिलेगा। ज्वाइन्ट बैंक खाता है तो प्रति व्यक्ति 12 या 330 रूपये जमा करवाने पर बीमा होगा। 1 व्यक्ति के 1 से अधिक खाते हैं तो 1 खाते से ही बीमा करवायें क्योंकि 1 योजना का क्लेम 1 खाते पर ही मिलेगा। 12 रूपये वाला बीमा 18 से 70 साल का व्यक्ति तथा 330 रूपये वाला बीमा 18 से 55 साल तक का व्यक्ति करवा सकता है। 330 रूपये वाला बीमा पहली बार करवा रहे हैं तो आयु 50 साल से कम होनी चाहिए लेकिन पहले करवा लिया और रिन्यु करवा रहे हैं तो 55 साल तक की आयु मान्य होगी। इन दोनों बीमा योजनाओं के साथ दूसरी बीमा योजना से भी जुड सकते हैं। श्रम कल्याण योजना में पंजीकृत श्रमिक की साधारण मृत्यु पर 2 लाख रूपये तथा दुर्घटना में मृत्यु पर 5 लाख रूपये उसके आश्रित को दिए जाते हैं। पशुपालक अपने पशुओं का मुख्यमंत्री पशुधन बीमा योजना में बीमा करवायें, बीमा प्रीमियम सरकार भर रही है, पशुपालकों को बस नाम मात्रा की राशि देनी पड रही है।

**यूथ क्लब गठित करो :** जिला कलेक्टर ने बताया कि सरकार की सारी योजनाएँ ऑनलाइन हैं। इनके आवेदन ई-मित्रा से भरने पडते हैं। कई ई-मित्रा संचालक भी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं रखते हैं जिससे योजना क्रियान्वयन में दिक्कत आती है। गाँव के युवा यूथ क्लब गठित कर लें तो सरकारी अधिकारी उन्हें सभी योजनाओं की जानकारी दे देंगे। ये युवा प्रशिक्षण और जानकारी प्राप्त कर गाँव वालों की सहायता कर सकते हैं। यूथ क्लब वाले युवाओं को हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग दे देंगे। इन क्लबों का सहकारी समितियों के रूप में भी पंजीकरण हो सकेगा तथा ये राशन वितरण, महिला स्वयं सहायता समूह गठन कर विकास कार्यों में भागीदारी निभा सकेंगे।

**फीडबैक लिया :** जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में स्थित सभी राजकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाडी केन्द्रों में पढाई की स्थिति, आधारभूत सुविधाओं और मिड डे मील के बारे में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों की माँग पर जिला कलेक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय , बीलपुर के नये भवन के लिए ग्राम पंचायत को 1600 वर्ग जमीन आवंटन करने, पुराने भवन में 2 अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाने की घोषणा की । ग्रामीणों ने आंगनबाडी केन्द्र का भवन बनवाने की माँग की। इस पर जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाने का आश्वासन दिया।



# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का एक शिष्ट मंडल ने सचिन पायलट की

**जयपुर/लोकमत।**

राजस्थान प्रदेश कोंग्रस मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सम्माननीय सचिन पायलट साहब से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का एक शिष्ट मंडल प्रदेश संयोजक राजेन्द्र सेन, पीसीसी पूर्व सचिव ओमराजोरिया जी, जयपुर शहर अध्यक्ष हरिशंकर जांगिड़ जी, देहात अध्यक्ष अमरचंद कुमावत जी, महासचिव अंकित जांगिड़, ब्लॉक अध्यक्ष तुंगा बाबू गुजर, चोमू अभिषेक सैनी मुलाकात की तथा मांग रखी की प्रदेश में 52 प्रतिशत ओबीसी की विभिन्न जातियां के मतदाता है। आगामी विधान सभा चुनावो में टिकिट बंटवारे में उचित प्रतिनिधित्व दिया जावे एवं ओबीसी की छोटी छोटी टिकिट से वंचित जातियो माली, कुम्हार, खाती, नाई, सुनार, सिख जट्ट, रावणा राजपूत, कलाल, धाकड़, तेली, रेबारी, गुजर, यादव, विश्नोई आदि जातियों को भी विधानसभा टिकटों में उचित प्रतिनिधित्व दिया जावे। शिष्ट मंडल ने एक लिखित रिप्रेंजेंटेशन में ओबीसी बाहुल्य विधान सभा क्षेत्रों के नाम भी बताये।

# परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**धौलपुर।** जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया ने शुक्रवार को आरएएस(प्री) के परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। दौरे के बाद जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को पत्रा लिखकर अवगत कराया है कि सभी परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में परीक्षा के दौरान लोगों का जमावडा न होने दें, चाहे वे परीक्षार्थियों के अभिभावक ही हों ताकि वाई-फाई व अन्य तरीके से नकल की सम्भावना बिल्कुल न रहे। जिला कलेक्टर ने विवेकानन्द उच्च माध्यमिक विद्यालय का सेन्टर भी देखा। यह विद्यालय दो भागों में विभाजित है तथा बीच में गली है ।इस गली में परीक्षा के दौरान आवाजाही सीमित करने के भी निर्देश दिए गये हैं ताकि कोलाहल न हो तथा वाई-फाई का दुरूपयोग न हो सके। उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2018 जिले के 17 परीक्षा केन्द्रो पर 5 अगस्त को 1 ही पारी में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों में 9 सरकारी और 8 प्राइवेट केन्द्र हैं। सभी केन्द्र जिला मुख्यालय पर ही हैं।

# मिड डे मील का नियमित निरीक्षण करें

**धौलपुर।** मिड-डे-मील योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को जिला कलक्टर नन्नूमल पहाडिया ने विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में ली। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मिड डे मील का नियमित निरीक्षण करें। अधिकारी खाद्यान्न, योजना क्रियान्वयन की बारीकी से जॉंच करे। खाद्यान्न की तौल-माप की व्यवस्था, मसाले, तेल आदि की गुणवत्ता, रखरखाव , साफ-सफाई आदि की गहन जॉंच करे तथा विद्यार्थियों व अभिभावकों से फीडबैक लें। दूध वितरण योजना मे दूध की मात्रा, गुणवत्ता व स्त्रोत की समीक्षा की जावे।

# सशस्त्र सेना प्राधिकरण ने लगाई कर्नल के बर्खास्त आदेश पर रोक

**जयपुर/लोकमत।**

सशस्त्र सेना प्राधिकरण की जोधपुर शाखा ने सेना द्वारा बर्खास्त किए गए कर्नल के जून के बर्खास्तगी आदेश को असंवैधानिक मानते हुए उनकी बर्खास्तगी आदेश पर रोक लगा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नल के एस जून जयपुर स्थित 61 सब एरिया मुख्यालय में वर्ष 2015 से 2017 तक कार्यरत थे । इस समय अन्य कार्यों के अलावा कैंटीन की देखरेख कार्यभार भी उनके पास था। वर्ष 2015 में एक गुमनाम शिकायत के आधार पर कैंटीन के कार्यकलापों पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया । लगभग 1 साल तक छानबीन कर इंक्वायरी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी। लेकिन इसकी रिपोर्ट पर 1 साल से ज्यादा समय तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस बीच में कर्नल के एस जून का स्थानांतरण उधमपुर कर दिया गया। वहां पर वह कुशलता से अपना कार्य कर रहे थे। अचानक 17 जुलाई 2018 को उनको इतला दी गई कि उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जा रहा है।

इस आदेश के खिलाफ कर्नल के एस जून ने सशस्त्र सेना प्राधिकरण की जोधपुर शाखा में मेजर जनरल पी एस राठौड़ पूर्व सेना महाधिवक्ता के द्वारा याचिका दायर की। जनरल राठौर ने इसे गंभीर विषय मानते हुए प्राधिकरण से सुनवाई के लिए विशेष अनुमति मांगी, जिसे प्राधिकरण ने स्वीकार कर लिया। 2 अगस्त 2000 को मामले की सुनवाई हुई ।मेजर राठौड़ ने बताया कि प्राधिकरण ने उनकी सभी दलीलों को सही माना और इस आदेश को असंवैधानिक ठहराया।

# अप्रवासी पति की धोखाधडी से बचाये सरकार

**धौलपुर।**

करौली धौलपुर के सांसद डा. मनोज राजोरिया ने संसद के मानसून सत्रा के दौरान अप्रवासी भारतीयों से भारतीय महिलाओं के साथ विवाह संबंधों में आने वाली शिकायतों के समय से निपटान एवं निवारण के बारे में प्रश्न पूछे।

इन प्रश्नों के जवाब में विदेश राज्य मंत्राी जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह ने बताया कि अप्रवासी भारतीय से विवाहित महिलाओं सहित विदेशों में रह रहे भारतीयों की मदद करने के लिए फरवरी 2015 में ''मदद'' नाम एक ऑनलाईन काउन्सलिंग शिकायत मॉनीटरिंग प्रणाली की शुरूआत की गयी है। इसमें वैवाहिक विवाद नाम एक मॉड्यूल भी जोडा गया है। फरवरी 2015 तथा 30 जून 2017 के बीच इस पोर्टल के वैवाहिक विवाद मॉड्यूल के माध्यम से 587 शिकायतें प्राप्त हुई तथा इनका निपटारा किया गया। विदेश राज्य मंत्राी ने बताया कि इसके अतिरिक्त अनिवासी भारतीयों के वैवाहिक विवादों के निपटारे के लिए सचिव, बाल एवं महिला विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में एक एकीकृत नोडल एजेंसी का गठन किया गया है। इस एकीकृत नोडल एजेन्सी से यह अपेक्षा है कि वह अनिवासी भारतीय पतियों द्वारा छोडी गयी भारतीय महिलाओं की समस्या के समयबद्ध समाधान के लिए एकल खिडकी उपलब्ध करायेगी और इन विवादों के समाधान में एक प्रभावी तंत्रा सिद्ध होगी।


# मेरे प्रेरणा स्त्रोत मुंशी प्रेमचंद, हरिशंकर परसाई, श्रीलाल शुक्ल, काशीनाथ सिंह जैसे लोग रहे है : बालेन्दु द्विवेदी

**जयपुर/दैनिक लोकमत।**

सोशल मीडिया एक खुला मंच है जिस पर हर कोई बडी बेफ्रिकी से अपनी बात रख सकता है, यह कहना है मदारीपुर जंक्शन उपन्यास के लेखक बालेन्दु द्विवेदी का। लेखक कहते है आजकल के ज्यादातर लेखक छ: महीने में उपन्यास, किताबें लिख डालते है पर मेरी क्षमता शायद उनसे कम है इसलिए मुझे मदारीपुर जंक्शन लिखने में लगभग चार साल लग गए। उपन्यासकार बालेन्दु द्विवेदी से बातचीत के अंश :

**प्रश्न : मदारीपुर जंक्शन का तीसरा संस्करण छप चुका है, आपकी इस पर क्या प्रतिक्रिया है?**

मदारीपुर जंक्शन मेरा पहला उपन्यास है। इसे लिखने में मुझे लगभग चार साल लगे। आजकल के ज्यादातर लेखक छ: महीने में उपन्यास, किताबें लिख डालते है। मेरी क्षमता शायद उनसे कम है। मैं बहुत इत्मीनान से कथानक का चयन करता हूं, बहुत मजबूती से अपने पात्रों का चयन कर और एक लुहार और एक बढ़ई की तरह एक एक वाक्य को ठोक-पीट कर आगे बढ़ता हूं।



**प्रश्न : आपको इस उपन्यास के लिए प्रेरणा कहां से मिली?**

अगर विषय-वस्तु के लिहाज से देखे तो इस उपन्यास के पीछे का मूल प्रेरणा स्त्रोत वह समाज है जिसमें मैं पैदा हुआ और पला बढ़ा। जहां मैंने समाज के ऊंचे कहे जाने वाले लोगों को हैकडी दिखाते और नीची कही जाने वाली बिरादरी के लोगों को तिल-तिल कर संघर्ष करते और निरन्तर मजबूती से खडा होते देखा है। लेखकों के लिहाज से मेरे प्रेरणा स्त्रोत मुंशी प्रेमचंद, हरिशंकर परसाई, श्रीलाल शुक्ल, काशीनाथ सिंह जैसे लोग रहे है।

**प्रश्न : मदारीपुर जंक्शन के नाटकीय मंचन के प्रति दर्शकों की प्रतिक्रिया क्या रही?**

मदारीपुर जंक्शन के नाटकीय मंचन के प्रति दर्शकों का वैसा ही उत्साह रहा है, जैसा इसके पाठकों का..। एक लगभग उपेक्षित मान ली गई विद्या-नाटक में इस उपन्यास के प्रस्तुतीकरण के बावजूद, इसके हर मंचन में ऑडिटोरियम भरा रहा और दो घंटे के बिना अन्तराल वाले इस नाटक में दर्शकों की तालियां और सीटियां खुब बजी।

**प्रश्न : इस उपन्यास का सबसे विवादास्पद पात्र कौन है? और क्यों?**

मेरे लिए यह कहना बहुत मुश्किल होगा की इस उपन्यास का कौन सा पात्र विवादास्पद है क्योंकि एक उपन्यासकार के तौर मैं सभी पात्रों का सर्जक रहा हूं।

**प्रश्न : आपको सोशल मीडिया पर उपन्यास के प्रति किस प्रकार की प्रतिक्रिया मिली है?**

सोशल मीडिया एक खुला मंच है, जिस पर हर कोई बडी बेफ्रिकी से अपनी बात रख सकता है। इससे साहित्य का एक बड़ा पाठक वर्ग जुडा है। यह त्वरित प्रतिक्रिया का सबसे आसान माध्यम भी है। वैसे सोशल मीडिया ने मदारीपुर जंक्शन को एक बड़े मुकाम तक पहुंचाने में मेरी खासी मदद की है।

**दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड**

सीआईएन : एल29130आरजे1986पीएलसी004536

पंजी. कार्यालय : ए-589, इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, भिवाड़ी-301019, जिला अलवर (राजस्थान)

कार्पो. कार्यालय : मिलेनियम प्लाज़ा, टावर-बी, सुशान्त लोक-I, सेक्टर-27, गुड़गांव-122009, हरियाणा

फोन : + 91(124) 4715100 Fax: + 91(124) 2806085

वैबसाइट : www.thehitechgears.com, ई-मेल : secretarial@thehitechgears.com

**30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु अनंकेक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. मिलियन में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.06.2018 अनंकेक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2017 अनंकेक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2018 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 1,659.0 | 1,362.4 | 5,515.7 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 120.6 | 107.4 | 483.9 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 120.6 | 107.4 | 483.9 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 57.9 | 71.2 | 319.1 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है), | 58.7 | 72.1 | 322.0 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 187.7 | 187.7 | 187.7 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | 2,216.7 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) – | | | |
| | (क) मूल : | 3.1 | 3.8 | 17.0 |
| | (ख) तनुकृत : | 3.1 | 3.8 | 17.0 |

नोट्स :-

1. उक्त अनंकेक्षित पृथक्कृत परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और तदुपरांत कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 03 अगस्त, 2018 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।
2. सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33(3)(ख) के अनुसरण में, कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 की प्रथम तीन तिमाहियों के परिणाम समेकित नहीं करने का विकल्प चुना है। इसलिए केवल पृथक्कृत अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।
3. 01 जुलाई, 2017 की प्रभावी तिथि से माल और सेवा कर – (जीएसटी) लागू होने के बाद, प्रकट की जाने वाली बिक्री में जीएसटी सम्मिलित नहीं किया जाना है। तदनुसार, 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु प्रचालनों से आय के आंकड़े संगत तिमाही के साथ तुलनीय नहीं हैं।
4. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में दाखिल किए गए 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.thehitechgears.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड
हस्ता./-
दीप कपूरिया
कार्यकारी अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 03 अगस्त, 2018

स्वत्वाधिकारी मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक माथुर के लिए शांति ऑफसेट प्रिंटर्स, 5-सी, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित होकर 40/155, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अंकिता राय माथुर, मो. 9414137346 । प्रशासनिक कार्यालय- 40/155, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर, शहर कार्यालय- 5-सी, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर। सम्पर्क - 9829473867, 0141-2218895 ईमेल- lokmatin@gmail.com, lokmatjpr@gmail.com